भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 85
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 01 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

85. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तराखंड राज्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कोई योजना बनाई है;
(ख) सांस्कृतिक त्योहारों और लोक कला को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे है;
(ग) क्या स्थानीय कलाकारों को कोई वित्तीय सहायता दी जा रही है; और
(घ) उक्त प्रयासों से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में कितनी सहायता मिली है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): उत्तराखंड राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की देखरेख और रखरखाव के अंतर्गत कुल 43 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। इन स्मारकों/स्थलों का संरक्षण राष्ट्रीय संरक्षण नीति के अधीन संसाधनों की आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार किया जाता है और ये स्मारक/स्थल वर्तमान में भलि-भांति परिरक्षित हैं। संगीत नाटक अकादमी अपनी योजनाओं के माध्यम से लोक, पारंपरिक और आदिवासी प्रदर्शन कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। अकादमी ने हाल ही में उत्तराखंड में निम्नलिखित त्योहारों का आयोजन किया है:

• कला धरोहर- 23-24 अगस्त, 2024 को नैनीताल के सुयालबाड़ी में मीरा बाई को समर्पित कार्यशालाओं की एक श्रृंखला।

• कला धरोहर- 14-15 नवंबर, 2024 को देहरादून में मीरा बाई को समर्पित कार्यशालाओं की एक श्रृंखला।

• कला धरोहर- 14-15 नवंबर, 2024 को तपोवन, टिहरी गढ़वाल में मीरा बाई को समर्पित कार्यशालाओं की एक श्रृंखला।

• कला धरोहर- 11-12 दिसंबर, 2024 को चमोली में मीरा बाई को समर्पित कार्यशालाओं की एक श्रृंखला।

• कला प्रवाह- अकादमी ने 6 जुलाई, 2024 को अल्मोड़ा के कसार देवी मंदिर में संगीत और नृत्य के दो दिवसीय उत्सवों का आयोजन किया।

• कला प्रवाह मंदिर उत्सव श्रृंखला- जून, 2023 में अल्मोड़ा के कसार देवी मंदिर में आयोजित किया गया।

देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों की सुरक्षा, संवर्धन और संरक्षण के लिए, भारत सरकार ने सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (जेडसीसी) भी स्थापित किए हैं। ये क्षेत्रीय सास्कृतिक केंद्र अपने सदस्य राज्यों में नियमित रूप से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। जैसे कि उत्तराखंड राज्य उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसी) पटियाला और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) प्रयागराज दोनों का सदस्य राज्य है इसलिए इन जिला परिषदों द्वारा उत्तराखंड में सांस्कृतिक समारोहों और कला संवर्धन का आयोजन किया जाता है।

इसके अलावा, संस्कृति मंत्रालय इन क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव (आरएसएम) का भी आयोजन करता है जिसमें संपूर्ण भारत के स्थानीय कलाकारों सहित बड़ी संख्या में लोक और आदिवासी कलाकार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जागरूकता का प्रसार करने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

इसके अलावा, संगीत नाटक अकादमी ने "कला दीक्षा (गुरु शिष्य परंपरा)" योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के प्रदर्शन कला रूपों के लिए निम्नलिखित चार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं:-

- गुरु गंगा देवी राणा, चमोली के निर्देशन में गढ़वाल क्षेत्र (पडवानी और मांगलिक गीत) के लोक गीत।

-गुरु हरीश लाल, चमोली के निर्देशन में मशक बीन।

-गुरु लवराज राम, मुनस्यारी के निर्देशन में हुडका।

-कुमाऊं क्षेत्र के लोक गीत (नियोली, छपेली, भागनौल और संस्कार गीत)-पुष्पा फरत्याल, अल्मोड़ा।

(ग): संगीत नाटक अकादमी की सांस्कृतिक संस्थान को वित्तीय सहायता की योजना अकादमी द्वारा अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बनाई गई कई योजनाओं में से एक है। उत्तराखंड राज्य के लाभार्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है-

वर्ष	**संगठनों की संख्या**	**कुल राशि**
2021-22	05	2.0 लाख
2022-23	08	3.30 लाख
2023-24	05	2.20 लाख

(घ): अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों का सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर रहा है।

******